KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

भारत लोग और अर्थव्यवस्था

कक्षा -12

अध्याय - 1


जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन

भाग - 4

पंकज वैष्णव

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



विषय-सूची

	आमुख	iii
	पाठ्यपुस्तकों में पाठ्य सामग्री का पुनर्संयोजन	v
	इकाई I	
1.	जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन	1-14
	इकाई II	
2.	मानव बस्तियाँ	15-20
	इकाई III	
3.	भूसंसाधन तथा कृषि	21-40
4.	जल-संसाधन	41-52
5.	खनिज तथा ऊर्जा संसाधन	53-64
6.	भारत के संदर्भ में नियोजन और सततपोषणीय विकास	65-73
	इकाई IV	
7.	परिवहन तथा संचार	74-83
8.	अंतर्राष्ट्रीय व्यापार	84-92
	इकाई V	
9.	भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएँ	93-103
	परिशिष्ट	104-111
	शब्दावली	112
	संदर्भ पुस्तकें	113-114

© NCERT not to be republished

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 1. नीचे दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर को चुनिए।

2011
↳ 121 करोड़

(i) सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या निम्नलिखित में से कौन सी है?

a (क) 102.8 करोड़

b (ख) 328.7 करोड़

c (ग) 318.2 करोड़

d (घ) 121 करोड़

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

Civil Service

1. समझना
2. रिवीज़न
3. ऑकड़े
4. उत्तर-लेखन → 15 मिनट

(1) बहुविकल्पीय

(2) 30 शब्दों

(3) 150 शब्दों

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

जनसंख्या
क्षेत्रफल

(ii) निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है ?

(क) पश्चिम बंगाल
(ख) उत्तर प्रदेश
(ग) केरल
(घ) पंजाब

= U.P.

बिहार
पश्चिम-बंगाल
केरल

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

नगरीय



(iii) सन् 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखत में से किस राज्य में नगरीय जनसंख्या सर्वाधिक है ?

a (क) तमिलनाडु

b (ख) केरल

c (ग) महाराष्ट्र → 5,00,00,000

d (घ) गोआ

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(iv) निम्नलिखित में से कौन-सा एक समूह भारत में विशालतम भाषाई समूह है ?

(क) चीनी-तिब्बती

(ख) आस्ट्रिक

(ग) भारतीय-आर्य → 73%

(घ) द्रविड़


KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

परिवार	उप–परिवार	शाखा / वर्ग	वाक् क्षेत्र
आस्ट्रिक (निषाद) 1.38%	आस्ट्रो–एशियाई	मॉन–ख्मेर	मेघालय, निकोबार द्वीप समूह
		मुंडा	पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र
	आस्ट्रो–नेसियन		भारत के बाहर
द्रविड़ 20%		दक्षिण द्रविड़	तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल
		मध्य द्रविड़	आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र
		उत्तर द्रविड़	बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश
चीनी–तिब्बती (किरात) 0.85%	तिब्बती–म्यांमारी	तिब्बती हिमालयी	जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम
		उत्तरी असम	अरुणाचल प्रदेश
	सियामी–चीनी	असम–म्यांमारी	असम, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय
भारतीय–यूरोपीय (आर्य) 73%	इंडो–आर्य	इरानी (फारसी)	भारत से बाहर
		दरदी	जम्मू और कश्मीर
		भारतीय आर्य	जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, असम, गुजरात, महाराष्ट्र, गोआ।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लगभग 30 शब्दों में दें।

(i) भारत के अत्यन्त ऊष्ण एवं शुष्क तथा अत्यन्त शीत व आर्द्र प्रदेशों में जनसंख्या का घनत्व निम्न है। इस कथन के दृष्टिकोण से जनसंख्या के वितरण में जलवायु की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले भौतिक कारकों में जलवायु प्रमुख स्थान रखता है। पश्चिमी राजस्थान के गरम व सूखे रेगिस्तान तथा ठंडा व आर्द्रता वाले पूर्वी हिमालय में जनसंख्या का वितरण असमान व कम है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ii) भारत के किन राज्यों में विशाल ग्रामीण जनसंख्या है ? इतनी विशाल ग्रामीण जनसंख्या के लिए उत्तरदायी एक कारण को लिखिए।

उत्तर – हिमाचल प्रदेश, बिहार, सिक्किम, असम, उड़ीसा एवं त्रिपुरा आदि विशाल ग्रामीण जनसंख्या वाले राज्य हैं इन राज्यों में विशाल ग्रामीण जनसंख्या मिलने का मुख्य कारक यहाँ समतल उपजाऊ भागों के कारण एक बड़ी जनसंख्या का कृषि एवं उससे सम्बन्धित क्रियाकलापों पर अधिक निर्भरता का होना है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



(iii) भारत के कुछ राज्यों में अन्य राज्यों की अपेक्षा श्रम सहभागिता दर ऊँची क्यों है ?

उत्तर – भारत जैसे विकासशील देश के संदर्भ में यह माना जाता है कि आर्थिक विकास में निम्न स्तरों वाले राज्यों में श्रम की सहभागिता दर ऊँची है क्योंकि इन राज्यों में निर्वाह अथवा लगभग निर्वाह की आर्थिक क्रियाओं को पूरा करने के लिए अधिक श्रमिकों की आवश्यकता पड़ती है।

कुल जनसंख्या में क्रियाशील श्रमिक जनसंख्या का प्रतिशत श्रम की सहभागिता दर कहलाती है।

KOLORS
make life better


missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(iv) 'कृषि सेक्टर में भारतीय श्रमिकों का सर्वाधिक अंश संलग्न है।' स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – भारत की जनसंख्या का व्यावसायिक संघटन यह प्रदर्शित करता है कि सन् 2011 में भारत में कार्यरत कुल श्रमिकों की संख्या का 54.6 प्रतिशत भाग कृषि सेक्टर में संलग्न था जो अन्य व्यावसायिक संवर्ग (घरेलू उद्योग तथा अन्य श्रमिक) की तुलना में अधिक था। इसका मुख्य कारण यह था कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ की श्रमिक जनसंख्या का एक बड़ा भाग अपनी आजीविका के लिये कृषि कार्य पर निर्भर है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER




प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दें।

(i) भारत में जनसंख्या घनत्व के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए।

उत्तर – भारत में जनसंख्या घनत्व में स्थानिक भिन्नता देखने को मिलती है। भारत में जनसंख्या का घनत्व धरातल, मिट्टी की उर्वरता, वर्षा, उद्योग, खनन एवं शहरीकरण पर निर्भर करता है। राज्य स्तर पर जनसंख्या के घनत्व में बहुत अधिक भिन्नता पाई जाती है। अरुणाचल प्रदेश में जनसंख्या का घनत्व केवल 17 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



जबकि बिहार में 1102 तथा पश्चिम बंगाल में 1029 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. तक पाया गया है। केन्द्रशासित प्रदेशों में दिल्ली का घनत्व सबसे अधिक 11297 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है। जबकि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में जनसंख्या घनत्व मात्र 46 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है। अधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य गंगा और सतजल के उपजाऊ मैदान में स्थित है। उत्तर प्रदेश 828, हरियाणा 573, पंजाब 550, व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. घनत्व है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिणी राज्यों में केरल का घनत्व सबसे अधिक है। यहाँ पर 859 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में निवास करते हैं। अत: घनत्व की दृष्टि से केरल राज्य का स्थान बिहार एवं पश्चिम बंगाल के पश्चात् तीसरा है। प्रायद्वीपीय भारत में केरल के पश्चात तमिलनाडु (555) में उच्चतर घनत्व पाया जाता है।

पर्यावरण की विपरीत परिस्थितियों के कारण हिमालय पर्वतीय प्रदेश के राज्यों एवं (असम को छोड़कर) भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में अपेक्षाकृत निम्न जन घनत्व देखने को मिलता है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

राजस्थान में जनसंख्या का घनत्व 201 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. है। मध्य भारत एवं प्रायद्वीप पठार के राज्यों में मध्यम जनसंख्या घनत्व पाया जाता है। इस वर्ग में मध्य प्रदेश (236) छत्तीसगढ़ (189), गुजरात (308), उड़ीसा (269) कर्नाटक (319), आन्ध्रप्रदेश (308), एवं महाराष्ट्र (365) सम्मिलित हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(ii) भारत की जनसंख्या के व्यावसायिक संघटन का विवरण दीजिए।

उत्तर – जनसंख्या के व्यावसायिक संघटन का आशय किसी व्यक्ति के कृषि, विनिर्माण, व्यापार, सेवाओं अथवा किसी प्रकार की व्यावसायिक क्रियाओं में कार्यरत होने से होता है। सन् 2011 की जनगणना में भारत की श्रमजीवी जनसंख्या को चार प्रमुख संवर्गों में विभक्त किया गया था— (1) कृषक (2) कृषि श्रमिक (3) घरेलू औद्योगिक श्रमिक (4) अन्य श्रमिक।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्राथमिक सेक्टर में कृषक तथा श्रमिकों को सम्मिलित किया जाता है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार कुल श्रमिक जनसंख्या का 54.6 प्रतिशत भाग कृषक तथा कृषि मजूदरों के रूप में कार्यरत था। द्वितीयक तथा तृतीयक सेक्टर में घरेलू औद्योगिक श्रमिक तथा अन्य श्रमिकों को सम्मिलित किया जाता है। सन् 2011 में भारत की कुल श्रमजीवी जनसंख्या का केवल 3.8 प्रतिशत भाग घरेलू औद्योगिक श्रमिक के रूप में तथा 41.6 प्रतिशत अन्य श्रमिक के रूप में गैर घरेलू उद्योगों, व्यापार, वाणिज्य, विनिर्माण, मरम्मत एवं अन्य सेवाओं में कार्यरत लोगों के रूप में था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

स्पष्ट है कि भारत की कुल श्रमजीवी जनसंख्या में द्वितीयक और तृतीयक सेक्टरों की तुलना में प्राथमिक सेक्टर में कार्यरत श्रमिकों का प्रतिशत उच्च मिलता है।

भारत के उक्त तीनों सेक्टरों में महिला श्रमिकों की तुलना में पुरुष श्रमिकों की संख्या अधिक है। महिला श्रमिकों की संख्या प्राथमिक सेक्टर में अपेक्षाकृत अधिक है। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की द्वितीयक एवं तृतीय सेक्टरों की सहभागिता में सुधार हुआ है। देश के विभिन्न सेक्टरों में श्रम सहभागिता दर की स्थानिक भिन्नता देखने को मिलती है। उदाहरण के तौर पर हिमाचल प्रदेश तथा नागालैंड जैसे राज्यों में कृषकों की संख्या

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

बहुत अधिक देखने को मिलती है। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़, आन्ध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड, बंगाल व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में कृषक मजदूरों की संख्या अधिक है दिल्ली, चंडीगढ़ व पुडुचेरी जैसे अत्यधिक नगरीकृत क्षेत्रों में श्रमिकों का एक बड़ा अनुपात अन्य सेवाओं में लगा हुआ है।